उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ।
संख्या-211/27/7/भर्ती-2/2018/18(5)/2016
लखनऊः दिनांकः 07 अक्टूबर, 2023

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या-18(5)/2016 सीधी भर्ती (सामान्य चयन) के अन्तर्गत निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0 राजकीय पालीटेकनिक कैम्पस, कानपुर के नियंत्रणाधीन विज्ञापित कामर्शियल आर्टिस्ट के 01 पद व आर्टिस्ट ग्राफ़िक्स के 01 पद पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

उपर्युक्त के क्रम में अधियाचनकर्ता विभाग द्वारा अपने पत्र संख्या- 565-66/अधियाचन/2015, दिनांक 14 जनवरी, 2023 के माध्यम से उक्त विज्ञापित पदों की आवश्यकता न होने की दशा में चयन की कार्यवाही निरस्त करते हुए पूर्व में प्रेषित अधियाचन को वापस किये जाने का अनुरोध किया गया है। अधियाचनकर्ता विभाग के अनुरोध के क्रम में आयोग द्वारा उक्त पदों का अधियाचन वापस करते हुए चयन प्रकिया निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।

अतः कामर्शियल आर्टिस्ट व आर्टिस्ट ग्राफ़िक्स के पदों के सापेक्ष आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त पदों के सापेक्ष चयन कार्यवाही अधियाचनकर्ता विभाग के अनुरोध पर निरस्त कर दी गई है।

07/10/2023

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।